# मुख्यमंत्री ने बालवाड़ी योजना के दूसरे चरण में 4318 बालवाड़ियों का शुभारंभ किया

## चर्चा में क्यों?

26 जून, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बालवाड़ी योजना के दूसरे चरण में 4318 बालवाड़ियों का शुभारंभ किया। पहले चरण में प्रदेश में 5173 बालवाड़ी खुले थे।

## प्रमुख बिंदु

- विदित है कि 5 सितंबर, 2022 को शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नई शिक्षा नीति के अनुसार खेल-खेल में बच्चों के सीखने और समझने की क्षमता को विकसित करने के लिये प्रदेश में 'बालवाड़ी योजना' का शुभारंभ किया था।
- 'जाबो बालवाड़ी बढ़ाबो शिक्षा की गाड़ी' की थीम के साथ मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस योजना की शुरुआत की थी।
- स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बालवाड़ी योजना पाँच से छ: वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिये शुरू की गई है।
- 'बालवाड़ी योजना' के माध्यम से बच्चे को सीखने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है और उन्हें स्कूल के माहौल के लिये तैयार किया जाता है। बच्चों के लिये हर बालवाड़ी में आंगनबाड़ी सहायिका के अतिरिक्त संबद्ध प्राथमिक शाला के एक सहायक शिक्षक की भी तैनाती की जाती है और इसके लिये सहायक शिक्षक को हर माह 500 रुपए का अतिरिक्त मानदेय भी प्रदान किया जाता है।
- 'बालवाड़ी योजना' के प्रथम चरण में राज्य की 5173 आंगनबाड़ियों को बालवाड़ियों में बदला गया था, जिनके माध्यम से शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में राज्य के 5-6 साल के 3 लाख 23 हज़ार 624 विद्यार्थियों में से 68 हज़ार 54 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया था।
- बालवाड़ी के संचालन के लिये बच्चों की सामग्री 'बाल वाटिका' तैयार की गई है। बालवाड़ी का संचालन स्कूल परिसर में भोजन अवकाश के 2 घंटे पहले किया जाता है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-inaugurated-4318-kindergartens-in-the-second-phase-of-kindergarten-scheme